रायगढ़, शुक्रवार
28.07.2017
श्रावण शुक्ल 4
पृष्ठ 8, मूल्य 3

साप्ताहिक
# न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक

Web: www.nyaysakshi.com


3 देखें ....शोषण मामाले में ....
6 देखें मनोरंजन में ....


वर्ष-1 अंक-18


## खास खबर

### पाकिस्तान को दिए रूसी कंपनी ने एमआई 171-ई असैन्य हेलीकॉप्टर

मास्को,(आरएनएस)। पाकिस्तान को रूस में निर्मित एक एमआई 171-ई असैन्य हेलीकॉप्टर प्राप्त हुआ है। इस वर्ष पाकिस्तान को इस तरह का यह दूसरा हेलीकॉप्टर मिला है, जो इस्लामाबाद और मास्को के बीच बढ़ते संबंधों के संकेत देता है। मीडिया में आई एक खबर में यह बात कही गई। एमआई 171, एमआई 17 सैन्य मालवाहक हेलीकॉप्टर का असैन्य संस्करण है जो पाकिस्तानी सेना को पहले से सेवाएं दे रहा है। पाकिस्तान के अशांत बलूचिस्तान प्रांत ने दूसरे हेलीकॉप्टर का आर्डर दिया था। रूस की 'तास' समाचार एजेंसी ने रूसी हेलीकॉप्टर के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एंद्रेई बोगिनस्की के हवाले से कहा कि उन्हें भरोसा है कि किसी मिशन में तैनात किये जाने पर एमआई 171-ई शानदार सेवाएं देगा, चाहे उसे किसी भी अभियान में लगाया जाए। चिकित्सा आपातकाल में हेलीकॉप्टर को एंबुलेंस के रूप में प्रयोग किया जा सकता है।

### मायावती का अब मिशन बीजेपी क्लीन सितंबर से

लखनऊ,(आरएनएस)। बहुजन समाज पार्टी की अध्यक्ष मायावती ने 18 जुलाई को राज्यसभा से इस्तीफा देने के बाद से हर 18 तारीख को अहम बनाने की राह पर हैं। प्रदेश में मिशन बीजेपी क्लीन के तहत मायावती सितंबर से हर महीने की 18 तारीख को दो-दो मंडलों में कार्यकर्ता सम्मेलन तथा रैली कर 2019 की तैयारी में हैं। राज्यसभा से इस्तीफा देने के बाद से अब बसपा सुप्रीमो मायावती अगले अहम कदम की ओर बढ़ रही है। पार्टी को 2019 के लोकसभा चुनाव में सम्मानजनक स्थान दिलाने के इरादे से मायावती ने कमर कस ली है। उन्होंने अब अपने मिशन 2019 का ऐलान कर दिया है। मायावती 18 सितंबर, 2017 से 18 जून, 2018 तक उत्तर प्रदेश के सभी मंडलों के दौरे पर रहेंगी। 18 सितंबर 2017 से 18 मई 2018 तक उनका मंडलवार दौरे का कार्यक्रम है। वह पार्टी को 2019 के लोकसभा चुनाव के लिए अभी से तैयार कर रही हैं। मायावती 18 सितंबर 2017 को मेरठ में मेरठ व सहारनपुर मंडल के कार्यकर्ता सम्मेलन के साथ ही रैली करेंगी। 18 अक्टूबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संसदीय क्षेत्र वाराणसी में वाराणसी व आजमगढ़ मंडल के कार्यकर्ताओं का सम्मेलन होगा। 19 नवंबर को आगरा में आगरा व अलीगढ़ मंडल तथा 19 दिसंबर को फैजाबाद में फैजाबाद व देवीपाटन मंडल के कार्यकर्ताओं का सम्मेलन तथा रैली होगी। मायावती 18 जनवरी 2018 को जालौन के उरई में झांसी तथा चित्रकूटधाम मंडल के कार्यकर्ताओं के साथ बैठक करेंगी। 18 फरवरी को इलाहाबाद में उनकी इलाहाबाद तथा मीरजापुर मंडल के सभी कार्यकर्ताओं के साथ सम्मेलन होगा। 18 मार्च को पीतलनगरी मुरादाबाद में मायावती बरेली तथा मुरादाबाद मंडल के कार्यकर्ताओं से भेंट करेंगी। 18 अप्रैल को मायावती की मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की कर्मभूमि गोरखपुर में गोरखपुर तथा बस्ती मंडल के बसपा कार्यकर्ताओं के साथ बैठक होगी। 18 मई को लखनऊ में वह लखनऊ व कानपुर मंडल के कार्यकर्ताओं के साथ बैठक करेंगी। इसके बाद उनका जून से मंडलवार रैली भी करने का कार्यक्रम है। मायावती 2019 के चुनावों मद्देनजर देश के अन्य हिस्सों का दौरा भी करेंगी।

### शिवपाल यादव ने यूपी के मुख्यमंत्री की कामों की तारीफ की

इटावा,(आरएनएस)। राष्ट्रपति पद के चुनाव में पार्टी गाइडलाइन से अलग हटकर रामनाथ कोविंद के पक्ष में मतदान करने वाले समाजवादी पार्टी के विधायक शिवपाल सिंह यादव के प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार के काम बेहद पसंद आ रहे हैं। अखिलेश यादव सरकार में कैबिनेट मंत्री रहे शिवपाल सिंह यादव कल अपने विधानसभा क्षेत्र इटावा के जसवंतनगर में थे। शिवपाल सिंह यादव ने यहां पर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार के काम की जमकर तारीफ की। शिवपाल ने कहा कि सरकार गरीबों के लिए काम कर रही है। वह कस्बे के विद्युत पावर हाउस परिसर में आयोजित बीपीएल बिजली कनेक्शन शिविर को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने लाभार्थियों को निःशुल्क बिजली कनेक्शन वितरित करने के बाद साथ क्षेत्रवासियों से बिजली चोरी न करने की अपील की। उन्होंने इन सभी को ज्यादा से ज्यादा कनेक्शन लेकर योजना का पर्याप्त लाभ प्राप्त करने की सलाह दी। शिवपाल ने कहा कि वर्तमान सरकार गरीबों के लिए काम कर रही है। इसी के तहत बीपीएल कार्ड धारकों को मुफ्त बिजली कनेक्शन देने की योजना शुरू की गई है। उन्होंने बिजली विभाग के अफसरों से क्षेत्रवासियों को शासन की मंशा के अनुरूप बिजली आपूर्ति देने को कहा। यह भी कहा कि किसी भी आदमी को अधिकारियों से परेशानी है तो उसकी शिकायत करें। अधिशासी अभियंता विद्युत कुलदीप यादव ने बताया कि जसवंतनगर, शाहजहांपुर तथा बलरई फीडरों पर कैंप में 595 बीपीएल परिवारों को निःशुल्क बिजली कनेक्शन दिए गए हैं। उनके घरों पर मीटर लगाने का काम भी शुरू कर दिया गया है। इस कैंप में एपीएल के 85 लोगों ने भी कनेक्शन लिए हैं और एलईडी बल्ब की भी बिक्री हुई है।

## डोकलाम से पीछे हटे इंडियन आर्मी

सिक्किम,(आरएनएस)। सिक्किम सेक्टर में डोकलाम क्षेत्र को लेकर पिछले एक महीने से भारत और चीन के बीच तनातनी चल रही है। इस विवाद के दौरान दोनों देशों की ओर से आए दिन कुछ न कुछ बयानबाजी होती रहती है। लेकिन इस बार पहली दफा चीन के रक्षा मंत्रालय की ओर से एक बयानबाजी की गई है, जिसमें खुले तौर पर भारत को चेतावनी दी गई है। चीन ने चेताते हुए कहा है कि भारत डोकलाम से अपनी सेना पीछे हटाए। पीएलए यानी पीपुल्स लिब्रेशन आर्मी चीन की हिफाजत के लिए संकल्पित है। किआन ने चीनी सेना की प्रशंसा के पुल बांधते हुए कहा कि पीएलए यानी पीपुल्स लिब्रेशन आर्मी ने पिछले 90 सालों में अपनी शक्ति में काफी इजाफा किया है और वह चीन की हिफाजत के लिए संकल्पित है। नहीं तो हम अपनी सेना बढ़ा देंगे। वू कियान ने कहा कि भारत को किसी भी तरह का मुगालता नहीं पालना चाहिए। उन्होंने कहा कि पहाड़ को हिलाया जा सकता है, लेकिन चीनी सेना को नहीं हिलाया जा सकता। वू ने कहा कि भारत अपनी सेना तुरंत पीछे हटा ले। पीएलए ने यह भी कहा कि इस घटना के जवाब में एक आपातकालीन प्रतिक्रिया के तौर पर क्षेत्र में और अधिक चीनी सेना उतार सकती है। वरिष्ठ कर्नल वू ने कहा, हम भारत से दृढ़ता पूर्वक आग्रह करते हैं कि वह अपने सैनिकों को दोनों देशों की सीमा रेखा से वापस बुलाए। यह समस्या को निपटने के लिए आधार है। शांति और सीमावर्ती क्षेत्रों की सुरक्षा दोनों चीनी और भारतीय लोगों के हितों के साथ हो। उन्होंने आगे यह भी कहा, हम दृढ़ता आग्रह करते हैं कि भारत अपनी गलतियों को सही करे और अपने उकसाने वाले कामों को समाप्त करे। और संयुक्त रूप से सीमावर्ती क्षेत्रों में शांति और स्थिरता बनाए रखने के लिए चीनी पक्ष के साथ मिल कर काम करे। इसके साथ ही वरिष्ठ कर्नल वू किआन ने रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता से डोकलाम पठार पर चीन के सड़क निर्माण का पक्ष भी रखा। आपको बता दें कि डोकलाम को डोंगलंग के नाम से संबोधित करता है। किआन ने कहा कि जून के मध्य में, चीनी सेना ने एक सड़क के निर्माण की जिम्मेदारी ली थी। डोंगलंग चीन का क्षेत्र है और चीन का अपने क्षेत्र में सड़क निर्माण करना एक सामान्य घटना है। यह चीन की संप्रभुता का कार्य है और वैध है। उन्होंने आगे कहा कि भारत द्वारा चीन के क्षेत्र में घुसना परस्पर मान्यता प्राप्त अंतरराष्ट्रीय सीमा का एक गंभीर उल्लंघन है और यह अंतरराष्ट्रीय कानून के खिलाफ है। हम अपनी संप्रभुता की रक्षा हर कीमत पर करेंगे।

**पीछे हटे भारत: चीन**

चीन के रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता वू कियान ने भारत चीन के बीच डोकलाम में चल रहे विवाद को लेकर मीडिया को दिए आधिकारिक बयान में कहा कि भारत किसी भ्रम में ना रहे और अपनी सेना को जल्द पीछे हटा ले। कियान ने यह भी कहा कि यही इस समस्या के समाधान के लिए चीन की पहली शर्त है। चीन ने चेताते हुए ये भी कहा कि अगर भारत ऐसा नहीं करता है तो चीन अपनी चीन सेना बढ़ा देगा। कियान ने चीनी सेना की प्रशंसा के पुल बांधते हुए कहा कि पीएलए यानी पीपुल्स लिब्रेशन आर्मी ने पिछले 90 सालों में अपनी शक्ति में काफी इजाफा किया है और वह चीन की हिफाजत के लिए संकल्पित है। नहीं तो हम अपनी सेना बढ़ा देंगे।

### सीएम आवास के पास हथियारबंद दो माओवादी गिरफ्तार

कोलकाता,(आरएनएस)। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के कालीघाट स्थित आवास के पास पुलिस ने दो लोगों को हथियार के साथ गिरफ्तार किया है। पूछताछ में पता चला है कि यह माओवादी हैं। किस उद्देश्य यह लोग मुख्यमंत्री के आवास के पास आए थे पुलिस की जांच कर रही है। राष्ट्रपति के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने के लिए आज दोपहर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी दिल्ली के लिए रवाना होंगी। गौरतलब है कि इससे पहले भी दो मर्तबा मुख्यमंत्री आवास के पास से दो लोगों को गिरफ्तार किया गया था। हालांकि उस दौरान उनके पास से कोई हथियार नहीं मिला था।

### 7 लोक कल्याण मार्ग पर प्रधानमंत्री मोदी राजस्थान के सांसदों से मिले

नई दिल्ली,(आरएनएस)। पिछले दिनों उत्तर प्रदेश के सांसदों से मुलाकात के बाद आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 7 लोक कल्याण मार्ग पर राजस्थान के भाजपा सांसदों से मिले। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 20 जुलाई को उत्तर प्रदेश के सभी भाजपा सांसदों से मुलाकात की थी। प्रधानमंत्री ने मीटिंग के दौरान सभी भाजपा सांसदों से एक औपचारिक बातचीत में यूपी सरकार के कामकाज का फीडबैक लिया था। इस मीटिंग में भाजपा अध्यक्ष अमित शाह के अलावा केंद्रीय मंत्री अनंत कुमार और वित्त मंत्री अरुण जेटली भी मौजूद थे। पीएम मोदी ने पश्चिमी उत्तर प्रदेश के सांसदों के साथ मुलाकात के दौरान कहा था कि उन्हें लोगों के बीच अधिकतम समय बिताने और उनके कल्याण के लिए काम जारी रखना चाहिए। उन्होंने पार्टी सांसदों को बताया था कि उनकी पार्टी नेताओं का मुख्य ध्यान आम लोगों से मिलने पर होना चाहिए और उन्हें विनम्रता बनाए रखनी चाहिए।

### मॉल की पहल, पत्नियां करेंगी शॉपिंग तो पति करेंगे एन्जॉय

बीजिंग,(आरएनएस)। चीन के शंघाई शहर में एक चीनी शॉपिंग मॉल ने हस्बैंड स्टोरेज पॉड्स शुरू किया है ताकि जब बीवियां शॉपिंग कर रहीं हों तो पतियों को बोरियत से बचाया जा सके। शंघाई के ग्लोबल हार्बर शॉपिंग सेंटर में पारदर्शी सेल्फ-सर्विस पॉड्स शुरू किया गया है। इसमें एक टीवी स्क्रीन, एक लेदर मसाज चेयर और गेम्स हैं। व्यक्ति यहां बैठकर 90 के दशक के गेम्स खेल सकते हैं। पॉड्स के ऑपरेटर जोऊ ने बताया कि आम तौर पुरुष बोरियत महसूस करते हैं, जब उनकी महिला साथी मॉल में शॉपिंग कर रही होती है। इसलिए पुरुषों के आराम के लिए यह पॉड्स बनाया गया है। यहां पुरुष गेम्स खेल सकते हैं और अपना मोबाइल फोन भी चार्ज कर सकते हैं। आधा घंटे के इस पॉड्स का शुल्क करीब दो सौ रुपए है। एक घंटे के लिए करीब ढाई सौ रुपए है। यह पॉड्स पुरुषों को खूब भा रहा है। साथ ही उनकी महिला साथी भी खुश हैं क्योंकि वे और निश्चिंत होकर शॉपिंग कर सकती हैं।

### कार बम धमाके में 24 लोगों की मौत, 42 घायल

काबुल,(आरएनएस)। अफगानिस्तान के पश्चिमी काबुल में सोमवार को एक आत्मघाती हमलावर ने कार बम विस्फोट किया। जिसमें 24 लोगों की मौत हो गई है जबकि 42 लोग घायल हो गए हैं। धमाका राजधानी काबुल के एफडी 6 इलाके में हुआ है। धमाका किसने किया है यह अभी ये साफ नहीं हो पाया है। घायलों को नजदीक अस्पताल में भर्ती कराया जा रहा है। पुलिस के अनुसार, हमले का कारण स्पष्ट नहीं है। न्यूज एजेंसी एएफपी की जानकारी के मुताबिक घायलों की संख्या अभी बढ़ सकती है। अभी तक किसी भी आतंकी संगठन ने इस हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है।

### 26 लाख साल पुराना बेशकीमती जीवाश्म बिका 4500 रुपये में

मसोल,(आरएनएस)। करोड़ों साल पुराने और अनुसंधानकर्ताओं के लिए खासा अहम व बेशकीमती दुर्लभ जीवाश्म पंजाब के मसोल गांव में केवल कुछ हजार की कीमत में बेचे जा रहे हैं। मसोल गांव चंडीगढ़ से केवल 18 किलोमीटर दूर स्थित है। यह गांव पुरातत्व वेत्ताओं की एक ऐतिहासिक रिसर्च के कारण चर्चा में आया था। पंजाब के मसोल गांव से सालों पुरानी हेमिबॉस प्रजाति की एक खोपड़ी प्राप्त हुई है। हेमिबॉस को वर्तमान जंगली जलीय भैंसे का 26 लाख साल पुराना रूप माना जाता है। हमारी टीम ने इस जीवाश्म को मसोल के एक परिवार से केवल 4500 रुपए में खरीद लिया। रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस गांव में जीवाश्मयुक्त चट्टानें मिलने के बाद से अवैध तरीके से इनकी 150-200 रुपये तक में बिक्री की जा रही थी। पिछले साल एक फ्रेंच जनरल कैम्पटेस रेंड्स में छपे एक पेपर में दावा किया गया था कि यहां 26 लाख साल पुराने मानव जीवाश्म मौजूद हैं और टेक्टॉनिक प्लेट्स में हलचलों के कारण जीवाश्मों के टूटने की वजह से अनुसंधान कर्ताओं को पूरे कंकाल को खोजने में कई साल लग सकते हैं।

### जमीन से 94 मीटर नीचे बन रहा मेट्रो स्टेशन

बीजिंग,(आरएनएस)। चीन में एक ऐसा मेट्रो स्टेशन तैयार किया जा रहा है जो जमीन से 94 मीटर यानी 308 फिट नीचे होगा। भूतल से यह गहराई करीब 31 मंजिली इमारत की ऊंचाई के बराबर होगी। यह चीन का सबसे गहराई में स्थित मेट्रो स्टेशन होगा। इससे पूर्व छह साल पहले तैयार हुआ होंगतुडी मेट्रो स्टेशन सबसे गहराई में कार्यरत स्टेशन था, जो जमीन से 60 मीटर नीचे है। अब इसे और नीचे ले जाया जा रहा है। एक नई रेल लाइन के लिए 94 मीटर नीचे स्टेशन तैयार किया जा रहा है। इस स्टेशन का काम इस साल के अंत तक पूरा होने की उम्मीद है जिस इलाके में स्टेशन बन रहा है वह पर्वतीय इलाका है। वहां पर बनी इमारतों को नुकसान न पहुंचे और पर्यावरण को भी नुकसान न हो, इसलिए वहां पर रेल लाइन और स्टेशन को जमीन के इतना नीचे बनाया जा रहा है। एलीवेटर से इसके प्लेटफार्म पर आने में तीन मिनट लगेंगे जबकि पैदल चलने वालों को 354 सीढ़ियों से होकर जाना या आना होगा। 60 मीटर की गहराई वाले स्टेशन पर फिलहाल 32 एलीवेटर काम कर रहे हैं, नए स्टेशन के लिए उनकी संख्या को बढ़ाकर 91 किया जा रहा है। हाल के वर्षों में पूरे चोंगकिंग इलाके में मेट्रो का काम तेज हुआ है क्योंकि सड़कों पर वाहनों की संख्या बढ़ने से वहां पर अक्सर जाम लगा रहता है।

### चीन में 3918 अवैध वेबसाइट बंद, 172 वेबसाइट को दी गई चेतावनी

बीजिंग,(आरएनएस)। चीन में इस साल अप्रैल से जून के बीच 3,918 गैरकानूनी वेबसाइटों को बंद कर दिया गया है। शिन्हुआ न्यूज एजेंसी के मुताबिक साइबरस्पेस एडमिनिस्ट्रेशन ऑफ चाइना (सीएसी) की ओर से जारी बयान में कहा गया कि जिन वेबसाइट के खिलाफ कार्रवाई की गई है उनमें राष्ट्रीय सुरक्षा को नुकसान पहुंचाने और हिंसा एवं अफवाहें फैलाने वाली सामग्री थीं। शिन्हुआ के अनुसार इसी अवधि में 316 मामलों को न्यायिक विभाग के सुपुर्द किया गया। सीएसी ने कहा कि इस वर्ष की दूसरी तिमाही में 8.10 लाख गैरकानूनी साइबर अकाउंट भी बंद किए गए। उसने कहा कि कानून तोड़ने को लेकर 443 वेबसाइटों को सम्मन भी किया गया, जबकि 172 वेबसाइट को चेतावनी दी गई। सीएसी ने कहा कि अवैध वेबसाइटों से जुड़े 316 मामले न्यायालयों को सौंप दिए गए हैं।

### काम के लिए खाड़ी देश की ओर जाने वाले भारतीयों में आई कमी

नई दिल्ली,(आरएनएस)। पिछले कुछ सालों में काम के लिए खाड़ी देशों की ओर रुख करने वाले भारतीयों की संख्या में कमी आई है। संभवतः यह गल्फ कॉर्पोरेशन काउंसिल (जीसीसी) में शामिल देशों की अर्थव्यवस्थाओं में आई मंदी की वजह से हुआ है, जहां खास तौर से 2014 से 2016 के बीच तेल की कीमतों में काफी गिरावट आई है। खाड़ी देश जाने वाले भारतीय कर्मचारियों की संख्या 2014 में 775, 845 थी, जो कि 2016 में घट कर 507, 296 हो गई। वहीं बात करें आतंकवाद संबंधी समस्या की तो आतंकी संगठन आइएस ने बड़े पैमाने पर इराक-सीरिया में तबाही मचाई है, मगर इसके कारण पैदा हुई अस्थिरता के बाद पूरे क्षेत्र को लेकर ही लोगों की राय बदल गई है। खाड़ी देशों में प्रवास करने वाले भारतीय कर्मचारियों की संख्या में कमी आने की वजह से इन देशों से भारत भेजे जाने वाली धनराशि भी प्रभावित हुई है। हालांकि इसका कोई स्पष्ट आंकड़ा नहीं है, लेकिन भारत में विदेशों से आने वाली कुल धनराशि 2014-15 के बीच 69,819 मिलियन डॉलर थी, जो 2015-16 में घटकर 65,592 मिलियन डॉलर रह गई।

**सऊदी अरब सबसे ज्यादा प्रभावित**

सऊदी अरब जाने वाले भारतीयों की संख्या में सबसे ज्यादा गिरावट आई है। 2014 में जहां 329,882 भारतीय सऊदी गए, वहीं साल 2016 में सिर्फ165,356 भारतीय ही सऊदी पहुंचे। यानी लगभग 50 फीसदी की गिरावट देखने को मिली। इसकी एक बड़ी वजह सऊदी में तेल की कीमतों में गिरावट के बाद आई आर्थिक मंदी है। मगर पिछले कुछ सालों में सऊदी अरब भी उस नीति पर काम कर रहा है, जिसके तहत विदेशियों से ज्यादा अपने नागरिकों को नौकरी दी जा रही है।

### कांग्रेस ने इराक में 39 लापता भारतीयों को लेकर सरकार पर साधा निशाना

बेंगलुरु,(आरएनएस)। इराक में 39 लापता भारतीयों के मामले को लेकर कांग्रेस ने केंद्र सरकार पर निशाना साधा है। तीन साल पहले आतंकी संगठन आइएस द्वारा मोसुल शहर से उन्हें अगवा कर लिया गया था। पार्टी ने लापता भारतीयों को वापस लाने के लिए सरकार द्वारा कोई भी प्रयास नहीं करने का आरोप लगाया है। कांग्रेस नेता एनए हैरिस ने कहा कि इराक में फंसे भारतीयों की मदद करने में भारतीय सरकार नाकाम रही है। उन्होंने कहा, यह मामला छह महीने से ज्यादा समय से पेंडिंग है और मुझे समझ नहीं आता कि हमारी सरकार कर क्या रही है। निर्दोष लोग आइएस के चंगुल में फंसे हुए हैं, उनके परिवार वाले मुश्किल में होंगे। हमारे देश की ओर से कोई भी प्रयास नहीं किया जा रहा है। प्रधानमंत्री मध्य-पूर्व क्षेत्र में भी गए और इसका नतीजा क्या रहा वहीं इस स्थिति के लिए विदेश मंत्रालय को जिम्मेदार ठहराते हुए हैरिस ने कहा कि या तो केंद्र सरकार कार्य करने में सक्षम नहीं है या अपनी प्राथमिकताओं का पता लगाने में नाकाम रही है। हैरिस ने कहा कि भारतीय मुश्किल में हैं तो अगर भारत सरकार उनकी मदद नहीं करेगी तो कौन करेगा। आपको बता दें कि रविवार को इस मामले में भारत स्थित इराकी दूतावास ने कहा था कि लापता भारतीयों का पता लगाने के लिए तलाशी अभियान जारी हैं। इराकी और भारतीय अधिकारियों के बीच उच्च स्तर का सहयोग भी कायम है।

### जुड़वा बच्चों को बाढ़ में फंसी महिला ने दिया जन्म

राजकोट,(आरएनएस)। गुजरात के राजकोट जिला स्थित विनछिया तहसील के नाना मात्रा गांव में भारी बारिश के कारण बाढ़ में फंसी मां समेत नवजात जुड़वा बच्चों व एक अन्य गर्भवती महिला को भारतीय वायु सेना ने बचाया। दो महिला की गंभीर स्थिति में होने और उन्हें वहां से निकालने का आग्रह मिलते ही मिनटों में वायु सेना का चेतक हेलीकॉप्टर मदद के लिए पहुंच गया। लोकेशन का पता लेकर आग्रह भरा संदेश शाम 4.30 बजे मिला और जवानों के साथ चेतक ने 4.40 पर उड़ान भरी और 5.15 मिनट पर चेतक लोकेशन पर पहुंच गया। भारतीय वायुसेना देश की जनता की सेवा में पूरी तरह से जुटे है। भारी बारिश के बाद बाढ़ की वजह से यह गांव जिले के अन्य हिस्सों से कट गया था। चेतक जब रास्ते में ही था तब एक महिला ने जुड़वा बच्चों को जन्म दे दिया और उसे तुरंत वहां से मेडिकल सहायता के लिए ले जाने की जरूरत है।


**तत्काल आवश्यकता है**

न्यायसाक्षी समाचार-पत्र रायगढ़ एवं जशपुर जिले हेतु रिपोर्टर/संवाददाता चाहिए तत्काल संपर्क करें

न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
श्रीराम कॉलोनी,स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास,रायगढ़ छ.ग. मो. नं. 9039961090

**ऑफसेट प्रिंटिंग - न्यूज पेपर प्रिंटिंग**

वेस्ट जर्मनी की ऑफसेट मशीन * हेडलबर्ग * से 4 कलर की प्रिंटिंग होती है।
प्रिंटिंग जॉब हेतु तत्काल सम्पर्क करें

न्यायसाक्षी प्रिंटर्स एण्ड प्रेस
श्रीराम कॉलोनी, स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़ छ.ग. मो. नं. 9589876400